**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR**
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan )
Plot No. 08, Dehmi Kalan, JDA Institutional Scheme, Bagru,
Tehsil- Sanganer, Distt. Jaipur-303007 (Rajasthan)
www.alujaipur.ac.in e-Mail: coe@alujaipur.ac.in

क्रमांक : एफ. 4(3) परीक्षा/अविवि/2025–26/2203 दिनांक: 28/07/2026

**समस्त प्राचार्य/निदेशक,**
**सम्बद्ध विधि** महाविद्यालय,
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि** महाविद्यालय,
**जयपुर**

विषयः विशेष अनुग्रह अवसर (Mercy Chance) हेतु जारी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र के संबंध में महाविद्यालय स्तर पर पालना किये जाने बाबत विशेष निर्देश।
सन्दर्भः विश्वविद्यालय कार्यालय आदेश क्रमांक एफ. 4(3) परीक्षा/अविवि/2025–26/2112 दिनांक 28.07.2026

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा विशेष अनुग्रह अवसर (Mercy Chance) हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र जारी किये गये हैं। इस संबंध में समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय अपने स्तर पर निम्नांकित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें –

1. आपके महाविद्यालय के ऐसे समस्त अभ्यर्थी जो बैचलर ऑफ लॉज़ (एलएल.बी.) वार्षिक पद्धति पाठ्यक्रम में सत्र 2020–21 में प्रवेशित हुए हैं व पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष तक की कक्षाऐं नियमित विद्यार्थी के रूप में पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन कतिपय कारणों से पाठ्यक्रम के बकाया प्रश्न–पत्र(त्रों) को उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं व उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हुई है, को चिन्हित कर अपने स्तर पर सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।
2. इस विशेष अनुग्रह अवसर **(Mercy Chance)** में अभ्यर्थी अपनी संबंधित कक्षा के बकाया प्रश्न–पत्र(त्रों) अथवा कक्षावार न्यूनतम 48 प्रतिशत पात्रता शर्त पूर्ण नहीं कर सकने की दशा में संबंधित कक्षा के अधिकतम 4 प्रश्न–पत्र, की परीक्षा हेतु संबंधित/इच्छित प्रश्न–पत्रों का चयन करते हुए परीक्षा फार्म भरने के पात्र होंगें। अतः महाविद्यालय स्तर पर ऐसे अभ्यर्थियों को अपने स्तर पर चिन्हित करते हुए ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरते समय उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।
3. इस पाठ्यक्रम के सत्र 2020–21 में प्रवेशित ऐसे अभ्यर्थी जिनके तीनों वर्षो (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) का पृथक–पृथक परिणाम न्यूनतम उत्तीर्णांक (48%) व श्रेणी (Division) अवार्ड नहीं हुई है, को इस विशेष अनुग्रह अवसर **(Mercy Chance)** का परीक्षा फार्म भरना है। अतः महाविद्यालय ऐसे अभ्यर्थियों को मार्गदर्शित करें कि वे वर्षवार न्यूनतम 48% उत्तीर्णांक (कुल प्राप्तांक) के लिए आवश्यक/पर्याप्त संख्या (अधिकतम 4 प्रश्न–पत्र) में वर्षवार प्रश्न–पत्रों का चयन करें।
4. इस विशेष अनुग्रह अवसर **(Mercy Chance)** के परीक्षा फार्म भरने व उक्त उल्लेखित यथोचित कार्यवाही पूर्ण ना करने वाले, इस विशेष अनुग्रह अवसर परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले व उपस्थित होकर अनुत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया

**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR**
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
**(A State Funded University of Rajasthan )**
**Plot No. 08, Dehmi Kalan, JDA Institutional Scheme, Bagru,**
**Tehsil- Sanganer, Distt. Jaipur-303007 (Rajasthan)**
**www.alujaipur.ac.in** **e-Mail: coe@alujaipur.ac.in**

जावेगा। अतः संबंधित महाविद्यालय इस संबंध में इस अवसर हेतु योग्य समस्त अभ्यर्थियों को अपने स्तर पर सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।

5. यह विशेष अनुग्रह अवसर सत्र 2020–21 में प्रवेशित एलएल.बी. पाठ्यक्रम के अभ्यर्थियों के लिए ही लागू है अतः आपके महाविद्यालय का कोई भी योग्य अभ्यर्थी जो उक्त अवसर का लाभ लेना चाहता है, परीक्षा फार्म भरने से वंचित ना रहे, महाविद्यालय स्तर पर ऐसी व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करावें।

**विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पाठ्यक्रम व प्रवेशित बैच के अभ्यर्थी जो पाठ्यक्रम की पूर्व निर्धारित अधिकतम समय–सीमा (5 वर्ष) में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर सकें हैं, के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए विशेष परिस्थिति आधार पर विशेष अनुग्रह अवसर (Mercy Chance) दिया गया है। अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की व्यक्तिशः जिम्मेवारी है कि वे इस विशेष अनुग्रह अवसर के संबंध में ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को परीक्षा फार्म भरे जाने के कार्यक्रम की सूचना से अवगत कराते हुए उन्हें निर्धारित समय–सीमा में परीक्षा फार्म भरने में आवश्यक मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।**

**इस अवसर के पश्चात् उक्त पाठ्यक्रम व बैच के अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु कोई अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।**

**परीक्षा नियंत्रक**

**क्रमांक : एफ. 4(3) परीक्षा / अविवि / 2025–26 /** 2204-2209 **दिनांक:** 28/07/2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. वित्त नियंत्रक, अविवि, जयपुर।
2. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, अविवि, जयपुर – विश्वविद्यालय वेबसाईट के उचित स्थान पर प्रदर्शित करावें ताकि सभी संबंधितों को तत्काल संदर्भ हेतु जानकारी हो सके।
3. निजी सहायक, कुलगुरू महोदया / निजी सहायक, कुलसचिव, अविवि, जयपुर।
4. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी।
5. रक्षित पत्रावली।

**परीक्षा नियंत्रक**